तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय लघुहस्ताक्षर जज
30.01.2023	वकील वादीगण के प्रार्थना पत्र मिसल तलबी का पेश करने पर पत्रावली आगामी तारीख पेशी 09.03.2023 से पूर्व तलब होकर पेश हुई। वकील वादीगण ने उपस्थित होकर पक्षकारान् की ओर से राजीनामा पेश किया। उपस्थित वादीगण संख्या 1/1 से 1/3 की पहचान एंव वादीगण संख्या 1/4 से 1/6 की ओर से वादीगण वकील श्री रामजीलाल सैनी एड0 ने राजीनामा स्वीकार किया एंव उपस्थित प्रतिवादीगण संख्या 1/1 से 1/4 की पहचान श्री महेन्द्र सिंह खर्रा एड0 ने की। उपस्थित पक्षकारान् को राजीनामा पढ़कर सुनाया गया। जिसे पक्षकारान् ने सुन व समझकर स्वीकार किये जाने पर राजीनामा तस्दीक किया जाकर शामिल पत्रावली किया गया। वकील वादीगण ने अपने द्वारा पूर्व में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र कायम मुकामान् प्रतिवादी सं. 1 व वादी संख्या 1 को स्वीकार किये जाने का निवेदन किया। जिस पर उपस्थित वकील प्रतिवादीगण ने प्रार्थना पत्र को स्वीकार किये जाने में कोई आपत्ति नहीं होना प्रार्थना पत्र पर अंकित किया। अतः वकील प्रतिवादीगण की अनापत्ति के आधार पर प्रार्थना पत्र कायम मुकामान् स्वीकार किया जाता है तथा प्रतिवादीगण संख्या 1 व वादी संख्या 1 के कायम मुकामान् को रिकार्ड पर लिया जाता है। वकील वादीगण ने संशोधित शीर्षक वादपत्र पेश किया। जो शामिल पत्रावली किया गया। वकील वादीगण ने एक प्रार्थना पत्र प्रतिवादिया संख्या 1/5 का नाम हजफ किये जाने का निवेदन किया। जिस पर वकील प्रतिवादी ने कोई आपत्ति नहीं होना अंकित किया। वकील प्रतिवादीगण की अनापत्ति के आधार पर प्रार्थना पत्र बाबत नाम हजफ स्वीकार किया जाता है तथा प्रतिवादीगण संख्या 1/5 का नाम [illegible] किये जाने की स्वीकृति दी जाती है। वास्ते पेश होने [illegible] पत्र [illegible] पेशी दिनांक 09.03.2023 को पेश हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Dilip Singh
Date: 2023.03.10 18:24:31 IST
Reason: SelfAttested

(दलीप सिंह)
न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक)
श्रीमाधोपुर (सीकर)